## एक नजर में



### एम्बुलेंस ने रौंदा, श्रमिक नेता की मौत

**जबलपुर.** खमरिया थाना क्षेत्र में रात एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लाई फेडरेशन नेता और व्हीकल फैक्ट्री कार्य समिति के सचिव असीम दुबे की मौत गई. जानकारी के अनुसार पिपरिया निवासी असीम दुबे (49) रांझी इलाके में एक विवाह समारोह से लौट रहे थे. खमरिया अस्पताल तिराहे के पास शहडोल की ओर से आ रही एक अनियंत्रित एम्बुलेंस ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि असीम दुबे की मौके पर ही मौत हो गई. टक्कर के बाद एंबुलेंस भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर पेड़ से टकरा गई, एंबुलेंस चालक रहबर खान को भी चोट आई है. असीम दुबे की मौत की खबर फैलते ही डिफेंस संस्थानों और कर्मचारी यूनियनों में शोक की लहर दौड़ गई.

### गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने चलाएंगे अभियान

**ग्वालियर.** संतों ने गौसेवा, सम्मान और सुरक्षा के लिए गौसम्मान आह्वान अभियान शुरू किया है. वे गांव-गांव में जाकर गौ संरक्षण के लिए जनमानस को जाग्रत करेंगे. शनिवार को ग्वालियर आए संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने तहसील स्तर पर अभियान चलाया जाएगा. संतों के नेतृत्व में आमजन कलश यात्रा लेकर तहसील पहुंचेंगे, जहां प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अनुरोध किया जाएगा कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए. उन्होंने बताया कि हमारे इस अभियान में बाबा बागेश्वर एवं राजेंद्रदास महाराज जैसे बड़े संतों के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत भी साथ हैं. उन्होंने कहा कि संत आगे बढ़ें, संघ उनके साथ है. उन्होंने बताया कि इस कड़ी में 27 अप्रैल को गौसम्मान दिवस मनाया जाएगा.

### तेंदुए ने घर में घुसकर बुजुर्ग पर किया हमला

**सीधी.** जिले के भुईमाड़ थानांतर्गत ग्राम केशलार में शनिवार तड़के तेंदुए ने घर में घुसकर एक बुजुर्ग के सिर पर हमला कर दिया. बुजुर्ग को गंभीर जख्म के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया है. घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत फैल गई. जानकारी के अनुसार रात करीब 2 बजे तेंदुआ अचानक गांव के एक रिहायशी मकान में घुस गया. घर के भीतर मौजूद परिवार के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले तेंदुए ने 62 वर्षीय बुजुर्ग चैनपति बैस पिता शिवप्रसाद बैस पर हमला कर दिया. हमले में उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं. परिजनों ने बताया कि तेंदुए के घर में घुसते ही चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद परिवार के सदस्य किसी तरह अपनी जान बचाकर घर से बाहर निकले. घायल बुजुर्ग को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भुईमाड़ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुशमी रेफर कर दिया.

# शिवपुरी में स्थापित होगा ढाई हजार करोड़ का रक्षा संयंत्र : मंत्री सिंधिया

**शिवपुरी, 25 अप्रैल. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने संसदीय क्षेत्र गुना के प्रवास पर हैं. उन्होंने शनिवार को शिवपुरी के कोलारस प्रवास के दौरान ढाई हजार करोड़ के रक्षा संयंत्र के स्थापना की घोषणा की.**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने शनिवार को अपने शिवपुरी-कोलारस प्रवास के पहले दिन कोलारस में जनता को कई विकास कार्यों की सौगात देते हुए एक विशाल औद्योगिक निवेश की घोषणा की और बताया कि अगले दो माह में क्षेत्र को 2500 करोड़ का रक्षा संयंत्र मिलने जा रहा है. यह संयंत्र कोलारस से लगभग 15 किलोमीटर दूर, कोटा हाईवे और बॉम्बे-ग्वालियर हाईवे के संगम पर स्थापित किया जाएगा.



यह परियोजना जिले की पिछले दो दशकों से लंबित औद्योगिक मांग को पूरा करेगी. सिंधिया ने बताया कि इस परियोजना से लगभग 2000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है. कोलारस, जो अब तक अपनी कृषि और विशेषकर टमाटर उत्पादन के लिए जाना जाता रहा है, अब देश की रक्षा शक्ति का भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा.

यहां निर्मित होने वाले रक्षा उपकरण देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे क्षेत्र का गौरव और योगदान दोनों बढ़ेंगे. कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कोलारस क्षेत्र को विकास की महत्वपूर्ण सौगातें देते हुए 19.68 करोड़ की विभिन्न आधारभूत परियोजनाओं का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया.

> उन्होंने प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत बालक एवं बालिका छात्रावास का भूमिपूजन किया, साथ ही जनपद पंचायत भवन, कोलारस का भी शिलान्यास किया. इसके अतिरिक्त उन्होंने नवीन बस स्टैंड एवं शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र में आवागमन और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी. वहीं, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य का भूमिपूजन भी किया गया, जो कोलारस में स्वच्छता और शहरी अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

### सिंधिया के स्वागत में अफरा तफरी, कार्यकर्ताओं के पैरों तले दब गई मासूम बच्ची


**ग्वालियर.** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर पहुंचे हैं. उनके स्वागत के दौरान ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जुटने से अफरा तफरी मच गई. भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस प्रशासन नाकाम रहा और भीड़ में एक मासूम बच्ची दब गई. वो रोती-चिल्लाती रही, लेकिन समर्थक स्वागत में लगे रहे. हालांकि मासूम के पिता ने किसी तरह से अपनी बेटी को बचाया. अफरा तफरी का माहौल भारी भीड़ जुटने के कारण हुआ.

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के ग्वालियर पहुंचते ही रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. स्वागत के दौरान धक्कामुक्की और अफरातफरी का माहौल बन गया. इसी दौरान भीड़ में फंसी एक बच्ची नीचे गिर गई और कुचल गई. स्वागतकर्ताओं के पैरों के नीचे बच्ची का पैर दब गया. वो चिल्लाती रही. घटना के बाद भी समर्थक स्वागत में लगे रहे. वहीं मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन भीड़ को नियंत्रित नहीं कर सका.

# श्री होरी हनुमान तीर्थ की तृतीय वर्षगांठ पर होंगे धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज

**जावरा।** मेवाड़-मालवा क्षेत्र के मध्य स्थित ऐतिहासिक एवं चमत्कारी तीर्थ श्री होरी हनुमान धाम में हनुमान महाराज के नव निर्मित मंदिर के कलश स्थापना की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर 8 मई शुक्रवार को धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



कार्यक्रम मां अन्नपूर्णा शक्तिपीठ सेमलियाधाम के पीठाधिश्वर महामंडलेश्वर मधुसूदनानंद गिरी पंचायती अखाडा के सान्निध्य एवं पूज्य संतों के आशीर्वाद में संपन्न होगा। श्री सिद्ध मनोकामना महायज्ञ एवं विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भाग लेंगे। मुख्य अतिथियों में बाबा कालिदास महाराज (सांपला), कर्नाटक के राजयपाल महामहिम थावरचंद गेहलोत, राजस्थान के महंत एवं सांसद बालकनाथ, मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी, राजस्थान सरकार के केबिनेट मिनिस्टर हेमंत मीणा सहित अनेक प्रतिष्ठित संत, जनप्रतिनिधियों के उपस्थित रहने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8 बजे हवन-पूजन से होगी, इसके पश्चात 12 बजे ध्वजारोहण एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात 12:30 बजे महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। आयोजन में धर्मप्रेमी बंधुओं, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने हेतु सादर आमंत्रित किया गया है।

# सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**भिंड, 25 अप्रैल. शनिवार को भिंड जिले के उमरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 552 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया. तेज रफ्तार बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी.**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे किशोर सिंह के पुरा गांव के पास हुई इस घटना में बस चालक ने घोर लापरवाही बरती. बस चालक ने पीड़ितों की मोटरसाइकिल को पांच किलोमीटर तक घसीटा और फिर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. उन्होंने आगे बताया कि चार युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक बस ने उन्हें भीषण टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो मोटरसाइकिल सवारों की मौके पर ही मौत हो गई. इस दौरान ड्राइवर ने बस नहीं रोकी, यहां तक कि तब भी जब



मोटरसाइकिल बस के चेसिस के नीचे फंस गई थी. पीछे चल रही एक कार में मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि उन्होंने बस का पीछा किया और ड्राइवर को सचेत करने के लिए बार-बार हॉर्न बजाया, लेकिन वह लगातार रफ्तार बढ़ाता रहा और क्षतिग्रस्त बाइक को उमरी कस्बे तक घसीटता रहा. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस घटना से यात्रियों में दहशत फैल गई और वे डर के मारे बस से उतरने लगे, जिसके चलते ड्राइवर भीड़ में गायब हो गया. दुर्घटना के बाद स्थानीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा में मौजूद गंभीर कमियों का पता चला.

शुरुआत में घायल हुए दो लोगों को सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में उन्हें भिंड जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि तीसरे युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. चौथा पीड़ित गंभीर हालत में है और उसे वेंटिलेटर सहायता के लिए ग्वालियर के किसी विशेष अस्पताल में तत्काल स्थानांतरित करने की आवश्यकता है.

> हालांकि, अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस की कमी के कारण घायल युवक को लगभग एक घंटे तक दर्द में इंतजार करना पड़ा. पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और बस को जब्त कर लिया गया है. अधिकारी फिलहाल मृतक और एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए प्रयासरत हैं, क्योंकि घटनास्थल से तत्काल कोई पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है. पुलिस ने चालक की तलाश भी शुरू कर दी है.

# रंजिश में दबंगों ने घरों में आग लगाई

**03** बेटियों के साथ परिवार हुआ बेघर

**05** लाख रुपए का हुआ आग से नुकसान

## चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बेगमगंज, 25 अप्रैल. निकटवर्ती गांव बसिया ने रंजिश को लेकर एक ही पविार के चार लोगों ने एक व्यक्ति के घर में आग लगा दी. इससे पीड़ित की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई और वे तीन मासूम बेटियों के साथ बेघर हो गया है. पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

जानकारी के अनुसार ग्राम बसिया निवासी मंगल सिंह का गांव के ही यशवंत सिंह लोधी से किसी बात को लेकर जनवरी में विवाद हो गया था. जिसकी रिपोर्ट मंगल सिंह ने थाने में की गई थी. पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से उसके हौसले बुलंद हो गए और बीती रात उसने मंगल सिंह के घर में आग लगा दी. ग्राम बसिया निवासी मंगल सिंह पिता बालकिशन लोधी (38) मजदूरी करता है. अपनी पत्नी एवं तीन बेटियों रेणु लोधी (16), पलक (12) एवं नेहा (7) के साथ छोटे से घर में निवासरत है. उसका विवाद 1 जनवरी 2026 को गांव के ही जसवंत लोधी से किसी बात को लेकर हो गया था. इस पर यशवंत सिंह लोधी एवं उसके परिजन उससे रंजिश रखने लगे. शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे यशवंत सिंह लोधी अपने चाचा बाबूलाल लोधी के साथ उसके घर आया और धमकी देते हुए बोले कि तुम ने यशवंत सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट क्यों की थी और उसकी पुत्री को अपशब्द बोलते हुए बाबूलाल, यशवंत सिंह लोधी एवं कमल सिंह लोधी एवं मुकेश लोधी ने उसके साथ मारपीट की. उसकी पत्नी का हाथ पकड़ कर बाहर घसीट कर पटक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए चारों आरोपियों ने उसके घर में आग लगा दी. चीख-पुकार सुन और आग देखकर जब पड़ोसी एकत्रित हुए तो आरोपी वहां से भाग लिए. आगजनी से महुआ बेचकर घर में रखे हुए नगदी 10 हजार, 40 हजार की गृहस्थी का अन्य सामान एवं खाने पीने की वस्तुएं कपड़े सहित अन्य सामग्री, कपड़े, अनाज, पंखा -कूलर इत्यादि सहित पूरा घर जलकर खाक हो गया. आग से करीब 5 लाख की हानि हुई है. फरियादी मंगल सिंह लोधी ने यशवंत सिंह लोधी, बाबूलाल लोधी, कमल सिंह लोधी एवं मुकेश लोधी इत्यादि आरोपितों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है.

# अपराधियों पर कसें शिकंजा

## क्राइम समीक्षा बैठक में पहुंचे प्रभारी आईजी मिथिलेश शुक्ला

**दमोह, 25 अप्रैल. जिले के दौरे पर पहुंचे सागर संभाग के प्रभारी (पुलिस महानिरीक्षक) आईजी मिथिलेश शुक्ला ने शनिवार को जबलपुर नाका स्थित न्यू पुलिस कंट्रोल रूम में क्राइम समीक्षा बैठक ली. इस दौरान उन्होंने पुलिस के अधिकारियों से कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसें.**

बैठक में दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर आईजी मिथिलेश शुक्ला का स्वागत किया. उसके बाद बैठक की शुरुआत हुई. जिसमें जिले के सभी अनुविभाग के एसडीओपी के साथ सभी थाना प्रभारियों की मौजूदगी रही. सभी से परिचय लेने के बाद आईजी ने दमोह के क्राइम रिपोर्ट के बारे में एसपी और अन्य अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक



निर्देश दिए. बैठक के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान प्रभारी आईजी मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि दमोह में यह मेरी पहली विजिट और पहली समीक्षा बैठक थी. जिसमें सभी से परिचय लिया गया. बैठक में सभी एसडीओपियों के साथ थाना प्रभारी आए हुए थे. दमोह काफी पुराना जिला है. जिसमें सुधार के निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही वह फिर से दमोह का निरीक्षण कर दिए गए निर्देशों के बारे में जानकारी लेंगे.

> बैठक के दौरान एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी प्रिया सिंधी, एसडीओपी अर्चना अहीर, डीएसपी देवीसिंह, टीआई मनीष कुमार, देहात अमित गौतम, सूबेदार अभिनव साहू, यातायात दलबीर सिंह मार्को, महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान सहित जिले के थाना प्रभारी और भी अधिकारी मौजूद रहे.

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने मोबाइल से भरा स्व-गणना फॉर्म, नागरिकों से की सहभागिता की अपील

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जनगणना महाअभियान के अंतर्गत स्वयं अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्व-गणना फॉर्म भरकर एक प्रेरणादायक पहल की। उन्होंने डिजिटल स्व-गणना प्रक्रिया को अपनाते हुए आमजन को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि जनगणना देश और राज्य के विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि स्व-गणना की डिजिटल सुविधा सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक है, जिससे नागरिक घर बैठे ही अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। श्री देवड़ा ने मंदसौर सहित पूरे प्रदेश के नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना महाअभियान के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को समय पर पूर्ण करें तथा अपने परिवार की सही एवं संपूर्ण जानकारी दर्ज करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से ही यह महाअभियान सफल होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन में जागरूकता बढ़ाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा जरूरतमंद लोगों को स्व-गणना प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

# कैदी की मौत पर परिजनों ने लगाए आरोप

## पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंपा शव

**सीधी, 25 अप्रैल. जिला जेल पडरा में बंद पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं. कैदी रजनीश दुबे पिता शशिप्रकाश दुबे उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 3 नगर परिषद चुरहट करीब तीन वर्षों से न्यायिक हिरासत में जेल में निरुद्ध था.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को रजनीश दुबे की अचानक तबीयत बिगड़ गई. उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते उसकी हालत तेजी से खराब होती चली गई. जेल प्रशासन ने उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई. चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला. उन्होंने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं. परिजनों का कहना है कि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण रजनीश की जान गई. उनका आरोप है कि यदि समय रहते बेहतर इलाज की व्यवस्था की जाती, तो उसकी मौत टाली जा सकती थी.

> **जेल अधीक्षक ने साधी चुप्पी**
> जिला जेल अधीक्षक रवि शंकर सिंह ने मामले में बयान देने से इनकार करते हुए कहा कि प्रकरण की न्यायिक जांच चल रही है, इसलिए फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की जाएगी.

> मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आज पोस्टमार्टम न्यायिक निगरानी में कराया गया. तीन डॉक्टरों की टीम ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया. इस दौरान न्यायाधीश विनोद वर्मा एवं मृतक के परिजन भी मौजूद रहे. अब सभी की नजर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी है.

### पेशी पर आए पूर्व पार्षद की बाइक चोरी

**रतलाम।** न्यायालय परिसर में शनिवार दोपहर पूर्व पार्षद सुरेंद्र जोशी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जिसे पुलिस और अधिवक्ताओं की तत्परता से कुछ ही समय में बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार जोशी दोपहर करीब 1 बजे पेशी के लिए कोर्ट पहुंचे थे। करीब एक घंटे बाद लौटे तो गेट नंबर 2 से उनकी हीरो होंडा बाइक गायब मिली। सूचना मिलते ही अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश शर्मा ने पुलिस को अवगत कराया। हेड कांस्टेबल जितेंद्र बघेल ने टीम के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक व्यक्ति बाइक ले जाता नजर आया।

### भाजपा नेता पर हमले के आरोपियों को जमानत नहीं

**जबलपुर, 25 अप्रैल. हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने भाजपा नेता पवन पटेल पर जानलेवा हमला करने वालों आशीष सिंह व सोनू सिंह की जमानत अर्जी निरस्त कर दी.**

नरसिंहपुर निवासी आशीष व सोनू की ओर से जमानत अर्जी दायर की गई थी. दोनों पर आरोप है कि उन्होंने अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने पर पवन पर जानलेवा हमला किया था. इससे पवन को कई चोटे आई थी. इस मामले में पलोहा बाड़ा थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ था. दोनों आरोपी 6 अप्रैल से जेल में हैं. आरोपियों की ओर से अधिवक्ता ने कुछ देर बहस करने के बाद जमानत अर्जी वापस ले ली. जिसके बाद न्यायालय ने अर्जी निरस्त कर दी.



# हाईकोर्ट ने चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका की खारिज

> डबरा नगर पालिका अध्यक्ष को मिली राहत

**ग्वालियर, 25 अप्रैल. डबरा नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मीबाई को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. ग्वालियर हाईकोर्ट ने चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है. डबरा नपा उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दुबे और अन्य पार्षदों ने याचिका लगाई थी.**

**याचिका में दलील दी गई थी:** '2022 में चुनी गई अध्यक्ष लक्ष्मीबाई के चुनाव का गजट नोटिफिकेशन 30 दिन के अंदर जारी नहीं हुआ इसलिए चुनाव अवैध माना जाए . सुनवाई में कोर्ट ने पाया- 'मामला 2022 का है जबकि याचिका जनवरी 2026 में दायर की गई, इतने लंबे समय की देरी का कोई ठोस कारण नहीं बताया गया .

**कोर्ट ने की यह टिप्पणी...**

'देर से कोर्ट आने वालों को राहत नहीं दी जा सकती, साथ ही इतने सालों में अध्यक्ष द्वारा कई फैसले लिए जा चुके हैं इसलिए अब दखल देना ठीक नहीं होगा' 'संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत राहत पाने के लिए समय पर कार्रवाई जरूरी है' 'जो पक्ष वर्षों तक अपने अधिकारों पर सोया रहे उसे अब संवैधानिक राहत नहीं दी जा सकती.



# इनरव्हील क्लब ने विद्यार्थियों के लिए पीपलखूंटा स्कूल में तीन पंखे सौंपे

**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में सामाजिक सेवा की एक सराहनीय पहल की गई। पहाड़िया परिवार द्वारा श्री भव्य प्रदीप पाहा?िया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय, पीपलखूंटा हैप्पी स्कूल में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु तीन पंखे भेंट किए गए।


कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसी उद्देश्य से यह सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय प्रधानाध्यापक रत्नेश पारख, ममता मालवीय, शीला चौधरी, पंकेशदास बैरागी, लोकेश कुमार चौहान, श्यामा मालवीय, कैलाश चाव?ा ने इस सराहनीय कार्य के लिए इनर व्हील क्लब मंदसौर एवं दानदाता कोषाध्यक्ष सुनीता पहा?िया का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष उर्मिला तोमर, इंदु पंचोली, सरोज तोमर, प्रीति छाबड़ा, युगल जैन, अनिमेष पोरवाल एवं सदस्यगण उपस्थित रहे तथा सभी ने शिक्षा और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**नुकसान की आशंका** | पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखकर अवगत कराया

# मूंग की खरीदी के लिए सरकार कदम उठाए : दिग्विजय

**भोपाल, 25 अप्रैल . मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्य में ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी को लेकर त्वरित कदम उठाने की मांग की है. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर बताया है कि कृषि सलाहकार परिषद, मध्य प्रदेश के पूर्व सदस्य केदार सिरोही द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल बाजार में आने के लिए तैयार है.**

वर्तमान में निजी मंडियों में मूंग का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम होने के कारण किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हर वर्ष राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को मूंग खरीदी का प्रस्ताव भेजा जाता है, जिसके आधार पर मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत खरीदी की अनुमति मिलती है. लेकिन, इस वर्ष अब तक ऐसा कोई प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित नहीं किया गया है. गिरदावरी रिपोर्ट के अनुसार इस बार ग्रीष्मकालीन मूंग के रकबे में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी की संभावना है.



> दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि किसानों को नुकसान से बचाने और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर दिलाने के लिए ग्रीष्मकालीन मूंग की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए प्रस्ताव शीघ्र केन्द्र सरकार को भेजने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए जाएं. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र निर्णय लेगी, जिससे प्रदेश के किसानों को राहत मिल सके.